दिनांक 20 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने वार्ड क्रमांक 8 हनुमान मंदिर के बाजू निर्मित मंच के ऊपर कमरा निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव ने आज जोन क्रमांक एक क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कर्मा भवन के पास वार्ड 8 बजरंग पारा, हनुमान मंदिर के बाजू में निर्मित मंच के ऊपर कमरा निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधिवत रूप से किया! सर्वप्रथम श्री देवेंद्र यादव द्वारा फूल चढ़ाकर भूमि पूजन की शुरुआत की तथा श्री यादव ने वार्ड पार्षद सुगंधी वर्मा एवं मोहल्ले के विजय साहू से अनुरोध कर फूल चढ़ाकर , नारियल फोड़कर, पूजा अर्चना कर , गैती चलाकर कमरा निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन कराया!

श्री यादव ने हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना किया तथा निर्मित मंच के ऊपर बनने वाले कमरे के निर्माण का शिलान्यास वार्ड पार्षद के साथ किया! इस बीच श्री यादव ने बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया!

उपस्थित विभिन्न लोगों ने श्री यादव का पुष्पगुच्छ एवं पुष्प हार से स्वागत किया तथा मंच पर विराजमान जोन 1 के जोन अध्यक्ष भोजराज सिन्हा , वार्ड पार्षद सुगंधी वर्मा तथा वार्ड 9 के पार्षद राजेश प्रधान, श्रीमती जानकी का भी मोहल्ले के निवासियों ने एवं मंदिर समिति ने मिलकर पुष्प हार से स्वागत किया! मंच संचालन कर रहे समिति के सदस्य ने कहा महापौर यादव सब की बातों को सहज रूप से सुनते हैं, समझते हैं! हमने कमरा निर्माण का मांग किया और राशि स्वीकृत करते हुए आज भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत भी हो गई!

श्री यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कुछ कार्य बहुत महत्वपूर्ण होते हैं जिसकी शुरुआत आज हुई है, इस कार्य के लिए मोहल्ले के लोगों ने मांग की थी जिस पर हमने राशि की स्वीकृति दी है और कार्य की शुरुआत भी कर दी है! यह कार्य जन भावनाओं से जुड़ा हुआ कार्य है, सभी को परिवार जैसे मिलजुल कर कार्य करना है मुझे आप सभी ने यहां पर बुलाया मैं इसके लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं!

कुछ खिलाड़ी बच्चे श्री यादव से मिलने पहुंचे थे उन सभी से श्री यादव ने मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया साथ ही उनके समस्याओं के बारे में पूछा जिस पर खिलाड़ियों ने कोई समस्या नहीं होने की जानकारी दी!

महेश वर्मा ने कुछ समस्याओं को लेकर श्री यादव को अवगत कराया जिस पर श्री यादव ने जोन क्षेत्र में जल्द ही सभी के साथ संयुक्त रूप से बैठक लेकर समस्याओं का समाधान करने चर्चा करने की बात कही!

भूमि पूजन के दौरान जोन एक के जोन अध्यक्ष भोजराज सिन्हा , वार्ड 8 के पार्षद सुगंधी वर्मा, वार्ड 9 के पार्षद राजेश प्रधान , महेंद्र साहू, लाल चंद वर्मा , आचार्य राम कुमार शर्मा , गिरवर साहू, विजय

साहू, चंदा यादव, निर्मला देशमुख निगम भिलाई से जोन आयुक्त बीके देवांगन , सहायक अभियंता सुनील दुबे, उप अभियंता कनिका धारगवे एवं खुलेश साहू सहित बड़ी संख्या में मोहल्ले के निवासी उपस्थित रहे!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!